# अपनी बात

अंक : 512 वर्ष 41

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 जनवरी, 2017


## सीसीएल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



सीएमडी श्री गोपाल सिंह गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए



राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी देते सीएमडी एवं परेड में शामिल जवान

26 जनवरी, 2017 को सीसीएल मुख्यालय सहित सभी 12 क्षेत्रों तथा अन्य ईकाईयों में गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

महात्मा गांधी क्रीड़ांगन में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा तथा सीवीओ, सीआईएसएफ, डीआईजी एवं अन्य उपस्थित थे। सीएमडी सीसीएल की धर्मपतनी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती रीमी घोष, निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी सुनीता महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) के धर्मपत्नी रीता रेखा चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम मिश्रा एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाई तथा स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। श्री सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास रहा है। हमने सामाजिक विकास, मानवता और जनकल्याण को मूलमंत्र मानते हुए इन पांच वर्षों में अपनी अधिकतम ऊर्जा  सामाजिक एवं समावेशी विकास के लिए लगाई है। सीसीएल कई योजनाएं शुरू कर चुकी है जिसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से झारखंडवासियों को मिल रहा है जैसे शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल के लाल एवं लाडली, प्राथमिक एवं सेकेण्डरी शिक्षा, खेलकूद के क्षेत्र में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईटीआई, भुरकुण्डा, एमएसडीसी, बरकाकाना, माईनिंग सरदार प्रशिक्षण पहल, विविध प्रशिक्षण, इन युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते हैं। इसी तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर, गाँधी नगर में जन आरोग्य केन्द्र (बीपीएल हॉस्पीटल), ह्रदय सुरक्षा अभियान आदि स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीसीएल मुख्यालय में रोजगार केंट की स्थापना भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीसीएल "जीरो ग्रिवान्स" कंपनी बनने की ओर अग्रसर है। श्री सिंह ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच सबका साथ सबका विकास को धरातल में अमलीजामा पहनाना हमारी मुख्य प्राथमिकता है और हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। काफी कुछ हुआ है मगर अभी भी करना बाकी है। जिस तरह से आप सभी का सहयोग मिल रहा है मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यह सहयोग और भी बेहतर ढंग से मिलेगा और झारखंड के एक–एक युवा के चेहरे पर खुशी होगी मुस्कुराहट होगी और पूरा झारखंड राज्य एक ऐसे विकसित राज्य मे तब्दील होगा जो पूरे भारतवर्ष के लिए उदाहरण होगा।

## जेएसएसपीएस टीम रवाना

विगत 21 जनवरी को मुख्यालय में निदेशक (योजना/परियोजना) श्री ए.के. मिश्रा तथा मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने झारखंड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के दूसरे चरण के लिए 100 बच्चों के चयन प्रक्रिया का शुभारंभ जेएसएसपीएस की टीम को फ्लैग ऑफ (Flag Off) कर किया। इस अवसर पर जेएसएसपीएस के सीईओ श्री आलोक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।



टीम को फ्लैग ऑफ कर रवाना करते नि. (त./यो.परि.) श्री ए के मिश्रा एवं अन्य

जेएसएसपीएस द्वारा झारखंड के 12 जिलों से चयनित 78 बच्चों का चयन कर उन्हें 08 (आठ) विभिन्न खेलों हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, कुश्ती, तीरंदाजी व ऐथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सी.सी.एल. द्वारा चयन प्रक्रिय के पहले चरण को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा किया गया। इस पूरे चयन प्रक्रिया में विडियोग्राफी करवाई गई थी और आगे भी की जायेगी।

## बिलिंग मशीन का उद्घाटन

विगत 28 जनवरी को मुख्यालय स्थित "कैन्टीन" में बिलिंग मशीन का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र तथा संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्यगण (जे.सी.एस.सी.) सर्वश्री रमेन्द्र कुमार, आर. रघुनन्दन, छविनाथ सिंह, एस.एन. झा, अशोक यादव, ललन सिंह, हरिशंकर सिंह, ओ.पी. सिंह, एस.के. मिश्रा, एस.के. चौधरी, आर.पी. सिंह, आलोक कुमार त्रिपाठी ने किया। माननीय सदस्यों ने सीसीएल के इस पहल की काफी प्रशंसा की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



बिलिंग मशीन का उद्घाटन करते नि. (का.) तथा जेसीएससी के माननीय सदस्यगण

## हाहाप में सिलाई मशीन, नगाड़ा, मांदर, झाल आदि का वितरण

विगत 5 फरवरी को सीसीएल ने अपने सीएसआर योजना के तहत रांची के माननीय सांसद श्री राम टहल चौधरी द्वारा आदर्श सांसद ग्रामीण योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम हाहाप में ग्रामीणों के बीच सिलाई मशीन (10), नगाड़ा (2), मांदर (2), झाल (2) एवं साड़ीया (23) का वितरण किया। महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में सीसीएल द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से यह एक प्रयास है। साथ ही साथ इन महिलाआकें द्वारा हस्त निर्मित उत्पाद को सीधे कैसे बाजार तक पहुंचाया जाए, ताकि इन्हें इनके उत्पाद का उचित दाम मिल सकें, इस विषय पर भी चर्चा की गई।

अवसर विशेष पर हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि सीसीएल महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कटिबद्व है। इस दिशा में सीसीएल ने काफी कार्य किए हैं और आगे भी करता रहेगा।  उन्होंने ग्रामवासियों से शिक्षा खास तौर से बच्चों की शिक्षा पे विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर माननीय सांसद श्री राम टहल चौधरी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, मुखिया (हाहाप) श्रीमती अर्चना मुंडा, उप मुखिया श्री मनी लकरा, अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग श्रीमति आरती कुजूर, श्री बंगाली मुंडा एवं सीसीएल के अधिकारी भी उपस्थित थे।



ग्रामीणों संग सीएमडी, माननीय सांसद, निदेशक (कार्मिक) एवं अन्य

> जीवन लम्बा होने की बजाय महान होना चाहिए
>
> – डा बी आर अम्बेडकर


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)